DOCUMENT RESUME

ED 196 261 FL 011 656

AUTHOR Gambhir, Surendra K.
TITLE Spoken Hindi-Urdu with Emphasis on Intonation in Natural Conversation.
PUB DATE 78
NOTE 160p.: Portions of the English text may reproduce poorly.
AVAILABLE FROM Accompanying tapes may be obtained from Department of South Asian Studies, University of Wisconsin, Madison, WI 53705
LANGUAGE Hindi: English

EDRS PRICE MF01/PC07 Plus Postage.
DESCRIPTORS Audiolingual Methods: *Conversational Language Courses: Dialogs (Language): Higher Education: *Hindi: Indo European Languages: Intonation: Pattern Drills (Language): Second Language Instruction: Speech Instruction: *Urdu

ABSTRACT

This book presents 20 lessons in Hindi-Urdu conversation intended for a systematic learner of the language in the latter part of the first year or the second year of study. Throughout the book, there is an emphasis on intonation. The conversations are close to natural conversations, although they are not recorded from real situations. Each conversation is marked formal, semi-formal, or informal. It is suggested that the student study the printed material first in order to become familiar with the vocabulary and grammar involved, then practice with the accompanying tapes. This work on the part of the student is to be supplemented by an hour's work in the classroom. The format of each lesson is as follows: conversation, glossary, build-up drills, intonation practice, and grammatical notes. With the exception of the grammatical notes, the lessons are in Hindi-Urdu. (AMH)

****
* Reproductions supplied by EDRS are the best that can be made *
* from the original document. *
****

ED196261

बोलचाल की हिन्दी-उर्दू

SPOKEN HINDI - URDU

with Emphasis on Intonation in
Natural Conversation

Surendra K. Gambhir
Departments of South Asian Studies
The Universities of Wisconsin & Pennsylvania

FL011636

U S DEPARTMENT OF HEALTH
EDUCATION & WELFARE
NATIONAL INSTITUTE OF
EDUCATION

THIS DOCUMENT HAS BEEN REPRODUCED EXACTLY AS RECEIVED FROM THE PERSON OR ORGANIZATION ORIGINATING IT. POINTS OF VIEW OR OPINIONS STATED DO NOT NECESSARILY REPRESENT OFFICIAL NATIONAL INSTITUTE OF EDUCATION POSITION OR POLICY

"PERMISSION TO REPRODUCE THIS MATERIAL HAS BEEN GRANTED BY

Surendra K. Gambhir

TO THE EDUCATIONAL RESOURCES INFORMATION CENTER (ERIC)."

S P O K E N H I N D I - U R D U

WITH EMPHASIS ON INTONATION IN

NATURAL CONVERSATION

(Accompanied by a set of twenty tapes)

Surendra K. Gambhir

Department of South Asian Studies
University of Pennsylvania & Wisconsin

PREFACE

In presenting this book, I have two things in mind: I have tried to present some conversations that are close to natural conversations though they are not recorded from any real situations. Throughout the conversations, one can see some humor interspersed. A touch of humor it seems is essential and natural to everyday life. It not only gives a natural flavor to the dialogues but recognition and understanding of it makes a learner gain confidence to plunge into the foreign speech community. Also, in selecting these conversations, it was in my mind throughout that they are a part of a book meant for a systematic learner of the language and not for a tourist whose objectives are more transient.

Secondly, there is a definite emphasis on developing right intonation. For this purpose, this book is accompanied by a set of twenty tapes which can be obtained by writing to the Department of South Asian Studies, University of Wisconsin, Madison, Wisc. 53705. Tapes are 29 to 30 minutes in duration and correspond to the lessons in the book excepting with respect to the internal order of items within each lesson. Each tape has build-up drills followed by intonational drills, sentence-by-sentence text, and then the whole text presented in the form of a natural conversation between Hindi speakers. Tapes are fully lab-oriented; the master-voice is always followed by a gap for the listener to record his or her response.

Style : Every conversation is marked "formal, semi-formal, or informal." It must be admitted that distinction between

styles is not as clear as it might seem. Style is best described as a continuum on which we can place any piece of writing or speech, the piece of writing or speech representing a range betwwen two points on the continuum rather than any single point. Therefore, assigning the dialogue to formal, semiformal, or informal style is based only on the major cues in the dialogue and represents that level only generally.

For whom this book is intended : This book is meant basically for students in the later part of the first year, and in the second year. This is not intended to be a text-book for a beginner. It presupposed that the user has acquired the basic grammar of the language.

Suggestions for using this book : First, students should go through the text of the lesson with the help of the glossary and the grammatical notes appended to each lesson. Outside help wherever necessary should be sought but the student should make sure that he or she understands the dialogue well. After this he or she should go to the relevant tape and listen to it fully along with doing all the drilling wherever required. After this there remains an hour's work in the classroom. Additional drills are suggested along the following lines: the instructor drills the whole conversation again but with a difference. He or she not only speaks each sentence in the text but also gives as many syntactic-cum-lexical variations of a sentence in the context as possible, which the students of course repeat. For example :

कुछ किताबें चाहिएं
मुझे कुछ किताबें चाहिएं
मुझे कुछ किताबों की जरूरत है
मुझे कुछ किताबें खरीदनी हैं
मैं कुछ किताबें खरीदना चाहती हूं

Every sentence of course should be recited with proper intonation. A unit lesson may end with the enactment of a dialogue between two students, and this may be repeated for other students if time permits. It is also recommended that the use of Hindi-Urdu alone as a rule should be enforced during this hour.

Acknowledgements: I am grateful to Manindra K. Verma, Chairman, South Asian Studies & Professor of Linguistics, University of Wisconsin, Madison, for encouraging me to complete this book and also for accepting it for publication. I am also indebted to Sheela Verma and Joseph Elder of the University of Wisconsin for listening to various portions of the conversations and my description of the format of this book and for giving their inspiring approval. Rosane Rocher of the University of Pennsylvania was kind enough to read the whole thing and especially the grammatical notes. The book would have looked different but for her meticulous checking of every detail. I have benefited, as in the past, from her organized and clear thinking on the subject. Jamie (Wendy) Ray of the University of Pennsylvania spent several hours and gave her reactions and suggestions from the viewpoint of a learner in the light of which I modified many grammat-

ical explanations. Last but not the least, thanks go to Santosh (Sima) Kapani of the University of Wisconsin, to whom also goes the credit of partial authorship of this book. The first draft of the last eight conversations was prepared by her and it is her very well-enunciated voice that appears on most of the tapes. Since the whole thing was carried out under my direction, I am responsible for all weaknesses in the book.

Suggestions and criticism are most welcome.

Department of South Asian Studies,
University of Pennsylvania, Pa. 19174.

Surendra K. Gambhir

January 16, 1978.

CONTENTS

		Style	
Preface			i-iv
Lesson 1	किताबवाला और गाहक स्थान - किताबों की दुकान	Formal	1-6
Lesson 2	दो अजनबी स्थान - चलती रेलगाड़ी	Semiformal	7-14
Lesson 3	दो दोस्त स्थान - एक का घर	Informal	15-20
Lesson 4	दो सहेलियां स्थान - अपना अपना घर (बातचीत टेलिफ़ोन)	Informal	21-29
Lesson 5	पति-पत्नी स्थान - उनका घर	Informal	30-37
Lesson 6	भाई-बहन - कैथी और रिचर्ड स्थान - बम्बई का हवाई-अड्डा	Informal	38-45
Lesson 7	एक विदेशी - एक हिन्दुस्तानी महिला स्थान - हिन्दुस्तानी महिला का घर	Formal	46-53
Lesson 8	टांगेवाला और एक अमरीकी स्थान - दिल्ली का एक सड़क पर	Formal	54-61
Lesson 9	डाकिया और स्मिथ की बेटी स्थान - स्मिथ साहब का घर	Formal	62-68
Lesson 10	दो मित्र - माला और दिनेश स्थान - यूनिवर्सिटी के प्रांगण में	Semiformal	69-75
Lesson 11	दो अमरीकी विद्यार्थी - क्रिस और लिंडा स्थान - अमरीका का एक यूनिवर्सिटी कैम्पस	Semiformal	76-83
Lesson 12	दो मित्र - माइकल और नीना स्थान - बस का अड्डा	Informal	84-91

Lesson 13	एक विदेशी टूरिस्ट - एक हिन्दुस्तानी पथिक स्थान - कहीं रास्ते पर	Formal	92-97
Lesson 14	मां - बेटा अजय - विदेशी जिम स्थान - घर, हिन्दुस्तान में	Formal	98-105
Lesson 15	एक विदेशी और उसका हिन्दुस्तानी दोस्त स्थान - देवेन का घर	Semiformal	106-112
Lesson 16	मिठाईवाला और विदेशी महिला स्थान - मिठाई की दुकान	Semiformal	113-120
Lesson 17	डाक्टर और एक विदेशी स्थान - डाक्टर का क्लिनिक	Formal	121-127
Lesson 18	एक विदेशी और एक फूल बेचनेवाली स्थान - फूलवाली की दुकान	Formal	128-136
Lesson 19	मार्क और अंजलि स्थान - अमरीका का एक कालेज	Semiformal	137-144
Lesson 20	मिश्रा साहब की पत्नी माधवी और पड़ौसी अशोक स्थान - मिश्रा साहब का घर	Formal	145-151

1. किताबवाला और गाहक Style- Formal

स्थान - किताबों की दुकान

गाहक महिला - यह आपकी दुकान है न ?

दुकानदार - जी हां, बहन जी । बैठिए, क्या सेवा है ?

गाहक - कुछ किताबें चाहिएं । किसी ने बताया कि आपके यहां ज़रूर मिल जाएंगी ।

दुकानदार - देखिए शायद मिल जाएं । बताइए क्या क्या नाम हैं ?

गाहक - एक तो शब्दकोश है हिन्दी का - हिन्दी से अंग्रेज़ी ।

दुकानदार - कोई ख़ास शब्दकोश चाहिए या कोई भी ?

गाहक - हां कोई भी हो लेकिन अच्छा हो ।

दुकानदार - कौन है लेखक ? मालूम है ?

गाहक - नहीं, इतना तो नहीं पता ।

दुकानदार - अच्छा, ये दो हैं मेरे पास । पसन्द कर लीजिए ।

गाहक - हां, दूसरा शब्दकोश चाहिए - अंग्रेजी से हिन्दी ।

दुकानदार - हां, वह भी दिखाता हूं ।

गाहक - बस हिन्दी की तो ये दो ही हैं । बाकी संस्कृत की हैं ।

दुकानदार - नहीं, संस्कृत की किताबें तो मैं नहीं रखता ।

गाहक - तो चलिए ये दो ही दिखाइए ।

दुकानदार - बस, एक मिनट ।

Glossary

Nouns

स्थान	m	place
गाहक	m,f	customer
शब्दकोश	m	dictionary
लेखक	m	writer
महिला	f	lady
सेवा	f	service

Adjectives

ख़ास	special, particular
इतना	this much
बढ़िया	fine, good
बाक़ी	rest, remaining

Verbs

रखना	to keep, place, put
जानना	to know

Adverbs

यहाँ	here, place
जरूर	certainly
शायद	perhaps
खूब	a lot, beautiful

Build-up Drills

1. यह दुकान है
   यह आपकी दुकान है
   यह आपकी दुकान है ?
   यह आपकी दुकान है न ?

2. किताबें मिलेंगी
   किताबें मिल जाएंगी
   किताबें ज़रूर मिल जाएंगी
   आपके यहां किताबें ज़रूर मिल जाएंगी

3. आपको चाहिए
   आपको शब्दकोश चाहिए
   आपको कोई शब्दकोश चाहिए
   आपको कोई खास शब्दकोश चाहिए

4. दो हैं
   मेरे पास दो हैं
   दो हैं मेरे पास

5. ये दो ही हैं
   हिन्दी की ये दो ही हैं
   बस, हिन्दी की ये दो ही हैं

6. मैं रखता हूं
   मैं किताबें रखता हूं
   किताबें
   संस्कृत की किताबें
   मैं संस्कृत की किताबें रखता हूं
   मैं संस्कृत की किताबें नहीं रखता

Intonation Practice

1. यह आपकी दुकान है न ?
   यह आपकी किताब है न ?
   यह आपका घर है न ?
   वह उनका घर है न ?
   यह मेरा पैन है न ?
   ये उनकी चीज़ें हैं न ?
   उसका नाम गोपाल है न ?
   तुम्हारा नाम इन्द्रा है न ?

2. क्या क्या नाम हैं ?
   क्या नाम है ?
   कौन आया था ?
   किधर गए थे आप ?
   क्यों किया उसने यह काम ?
   कहां रख दीं मेरी किताबें ?
   किसने देखा था उनको ?
   कैसे देख लिया उसने हमें ?

3. ये किताबें तो मैं नहीं रखता
   उन्हें तो हम नहीं जानते
   आपकी बिल्ली तो मैं ने नहीं देखी
   तुम्हारा घर तो उन्होने देखा है
   आपकी मां तो मुझे जानती हैं
   मदन का घर तो बहुत बढ़िया था
   ऐसी बातें तो मैं नहीं सुन सकता
   तुम्हें तो मैं खूब जानता हूं

Grammatical Notes

1. यह आपकी दुकान है न - This note seeks to comment on the final न in the sentence. This न is a tag question. In English, we do have such a thing, and it is more common, e.g. You will come, won't you? He went home, didn't he? He is eating, isn't he? etc. Whereas in English, the tag question changes depending on the tense and aspect of the main verb in the sentence, we have the same tag question in Hindi in all sentences. This feature of Hindi also explains the use of 'isn't it' as a uniform tag almost everywhere in Indian English.

2. Subject Deletion - Hindi is very fond of deleting the subject. It tends to drop it whenever it is inferable either from the verb, or from the actual context or from both. In Lesson 1 alone, there are at least nine sentences where the subject has been left out. In the imperative, it is usual to drop it, as it is in English. Examples :

(आप) बैठिए ।
(मुझे) कुछ किताबें चाहिएं ।
(आपको) कोई ख़ास शब्दकोश चाहिए ?
(आपको) मालूम है ?
(मुझे) इतना तो नहीं पता ।
(आप) पसन्द कर लीजिए ।
(मुझे) दूसरा शब्दकोश चाहिए ।
(मैं) वह भी दिखाता हूं ।
(आप) ये दो ही दिखाइए ।

All words within parenthesis are treated here as subjects and can be dropped.

3. मिल जाना - This is a compound verb. As in all compound verbs, the meaning of the first member of the compound prevails and the second member only adds a shade of meaning to the former's. मिलना means to be available, जाना makes its meaning more dynamic, and implies change of state. A connotation of completiveness is implied by the second member in all compound verbs.

2. दो अजनबी Style- Semi-formal

स्थान - चलती रेलगाड़ी

पहला - आप कहां जा रहे हैं ?

दूसरा - बनारस जा रहा हूँ बेटा। दिल्ली कुछ काम से आया था। तू भी बनारस जा रहा है क्या ?

पहला - नहीं, मैं इलाहाबाद उतर जाऊंगा। हूं तो दिल्ली का लेकिन थोड़ा काम है वहां।

दूसरा - क्या करता है तू ?

पहला - पढ़ाता हूँ।

दूसरा - किसी प्राइमरी स्कूल में पढ़ाता है क्या तू ?

पहला - नहीं, प्राइमरी स्कूल में नहीं।

दूसरा - तो किसी हाई स्कूल में पढ़ाते हो तुम ?

पहला - नहीं, यूनिवर्सिटी में पढ़ाता हूं।

दूसरा - अच्छा, तो आप यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं ?

पहला - जी हां, दिल्ली यूनिवर्सिटी में।

दूसरा - बहुत अच्छा, बेटे। जीते रहो। क्या पढ़ाते हैं आप यूनिवर्सिटी में ?

पहला - मैं अंग्रेजी पढ़ाता हूँ।

दूसरा - वाह ! एक बात बताइए, आप इतने बड़े प्रोफैसर हैं लेकिन कपड़े तो आप बहुत साधारण पहनते हैं । खादी का यह कुर्ता और पाजामा ।

पहला - हां, तो टाई लगाने से प्रोफ़ैसर थोड़े बनते हैं ? और फिर इस गर्मी में मुझे तो इन कपड़ों में बड़ा सुख मिलता है ।

दूसरा - हां, सो तो सच है ।

पहला - चलिए, अपना स्टेशन तो लगता है आ गया । नमस्कार ।

दूसरा - नमस्कार, जीते रहो ।

Glossary

Nouns

कुर्ता	m	collarless shirt (Indian style)
पाजामा	m	pyjama (not necessarily for sleep)
सुख	m	comfort
सच	m	truth, true (adj), truly (adv)
विज्ञान	m,f	scholar
अजनबी	m,f	stranger
रेलगाड़ी	f	train
खादी	f	hand-loom cloth
गरमी	f	heat
शराब	f	liquor, alcohol

Adjectives

साधारण	simple
गरीब	poor

Verbs

उतरना, उतर जाना	to get off
पहनना	to wear
बनना	to be made
बिकना	to be sold
टूटना	to break

Other

वाह	wow! or excellent!

Idiom

जीते रहो	May you live long!

Build-up Drills

1. मैं आया
   मैं आया था
   मैं दिल्ली आया था
   मैं दिल्ली काम से आया था
   मैं दिल्ली कुछ काम से आया था

2. तू जा रहा है
   तू बनारस जा रहा है
   तू भी बनारस जा रहा है
   क्या तू भी बनारस जा रहा है ?
   तू भी बनारस जा रहा है क्या ?

3. मैं उतरूंगा
   मैं उतर जाऊंगा
   मैं इलाहाबाद उतर जाऊंगा

4. मैं हूं
   मैं दिल्ली का हूं
   हूं मैं दिल्ली का
   हूं तो मैं दिल्ली का

5. काम है
   थोड़ा काम है
   वहां थोड़ा काम है
   लेकिन वहां थोड़ा काम है
   लेकिन थोड़ा काम है वहां

6. तुम पढ़ाते हो
   तुम हाई स्कूल में पढ़ाते हो
   तुम किसी हाई स्कूल में पढ़ाते हो
   तो तुम किसी हाई स्कूल में पढ़ाते हो
   तो किसी हाई स्कूल में पढ़ाते हो तुम

7. आप पहनते हैं
   आप कपड़े पहनते हैं
   आप साधारण कपड़े पहनते हैं
   आप बहुत साधारण कपड़े पहनते हैं
   आप कपड़े बहुत साधारण पहनते हैं
   आप कपड़े तो बहुत साधारण पहनते हैं

8. मुझे मिलता है
   मुझे सुख मिलता है
   मुझे बड़ा सुख मिलता है
   मुझे इन कपड़ों में बड़ा सुख मिलता है
   मुझे तो इन कपड़ों में बड़ा सुख मिलता है

Intonation Practice

1. हूँ तो दिल्ली का लेकिन थोड़ा काम है वहाँ
   है तो महंगा लेकिन खरीद लो
   हैं तो सस्ते लेकिन शायद अच्छे हैं
   है तो बहुत बड़ा आदमी लेकिन बड़ा विनम्र है
   है तो वह गरीब लेकिन शराब बहुत पीता है

2. टाई लगाने से प्रोफ़ैसर थोड़े बनते हैं
   सूट पहनने से बड़े आदमी थोड़े बनते हैं
   ज्यादा बोलने से लीडर थोड़े बनते हैं
   कुर्सी पर बैठने से अफ़सर थोड़े बनते हैं
   किताब पढ़ने से विज्ञान थोड़े बनते हैं

3. अपना स्टेशन तो लगता है आ गया
   उसका भाई तो लगता है चला गया
   हिन्दी की किताबें को लगता है बिक गईं
   खाना तो लगता है बन गया है
   गिलास तो लगता है टूट गया है

Grammatical Notes

1. तू, तुम, आप - तू is the least formal second person pronoun and आप is the most formal pronoun, and not 'least respectful' and 'most respectful' as some people like to call them. तुम lies in between the two. Note in this conversation how the second man shifts from one to another as his image of the other person changes from a primary school teacher to a high school teacher and then to a university professor.

2. Word-order - Hindi has a flexible word-order as opposed to English. The basic order is Subject - Indirect object - Direct object - Adverb - Negation - Verb. The क्या used for making a yes-no-question ('unstressed क्या ') occurs initially; the interrogatives कौन, कहां, क्या ('stressed') etc. occur before the Negation. Any variation from this basic order in the sentence is usually for emphasis on the displaced element, except in the case of the Subject, which, if moved to the right of the Verb is usually for de-emphasis. In the following sentences, the underlined words are displaced and hence are emphatic :

(i) तू भी जा रहा है क्या ?

(ii) हूं तो दिल्ली का,

(iii) क्या पढ़ाते हैं आप यूनिवर्सिटी में ?

Also look at the following sentences where the subject is de-emphasized because it is moved to the right of the verb :

(i) क्या करता है तू ?

(ii) किसी प्राइमरी स्कूल में पढ़ाता है क्या तू ?
(iii) तो किसी हाई स्कूल में पढ़ाते हो तुम ?

3. प्रोफैसर- प्रोफ़ैसर- This is the English word 'professor.' Since Hindi does not have an 'f' sound in its traditional phonological system, it adapts the foreign 'f' to 'ph (फ),' In all borrowed words with an 'f' sound, rural people and members of the lower socio-economic group are more likely to use 'ph (फ),' and urban people and members of the higher socio-economic group are more likely to say 'f (फ).'

4. टाई लगाने से प्रोफ़ैसर थोड़े बनते - 'Wearing a tie hardly makes one a professor.' The word थोड़े is a type of negation here. There are several other negatives of this type in Hindi as well as in English. In English, think of the words hardly, little, few, etc. Other similar negatives in Hindi are क्या , कहाँ , चुका, लिया etc. in sentences like :
(i) अब वह क्या आएगा ।
(ii) अब वह कहाँ आएगा ।
(iii) अब वह आ चुका ।
(iv) अब वह आ लिया ।
All these sentences mean more or less : Do you really suppose that he is going to show up? These sentences in Hindi differ from each other in degree of sarcasm or like shades of meaning.

3. दो दोस्त Style- Informal

स्थान - एक का घर

नरेन - क्यों जनाब, क्या हालचाल है ?

टिम - हालचाल तो भाई बहुत बुरा है !

नरेन - क्यों, क्या हो गया ?

टिम - बड़ी ज़बरदस्त गर्मी है ।

नरेन - हां, गर्मी तो सचमुच बड़ी जबरदस्त है । पानी का गिलास लाऊं ?

टिम - हां, एक ठंडा पानी का गिलास मिल जाए तो जान में जान आए ।

नरेन - हां, तो पानी की क्या कमी है ? यह लो पानी । जितना चाहो उतना पियो ।

टिम - पानी तो सचमुच बड़ा ठंडा है । पीकर मज़ा आ गया । . . . मुझे तो सर्दियां बड़ी पसन्द हैं । गर्मियों में तो जान निकल जाती है ।

नरेन - जान कहां निकल गई ? तुम तो चंगे भले नजर आ रहे हो ।

टिम - ज़रा बाहर निकल कर देखो तो पता लगे ।

नरेन - वो तो सब ठीक है । गर्मियों का अपना मज़ा है, सर्दियों का अपना । क्यों भई ?

टिम - चलो, मान ली तुम्हारी बात ।

Glossary

Nouns

जनाब	m	sir
हाल (चाल)	m	state of being, condition
मज़ा	m	fun, feeling good
शहर	m	city
गाँव	m	village
दर्द	m	pain, ache
फ़ायदा	m	use, profit
भई	m,f	a form of informal address, lit. brother
दोस्त	m,f	friend
जान	f	life
कमी	f	dearth, scarcity
सर्दी, सर्दियां	f	winter
गर्मी, गरमी गर्मियां	f	summer
नज़र	f	sight
आसानी	f	easiness, convenience

Adjectives

बुरा	bad
ज़बरदस्त	strong, hard
चंगा भला	hale and hearty

Verbs

मिलना, मिल जाना	to be available, to get, to find
चाहना	to want
नज़र आना	to be seen, visible
पता लगना	to come to know

मानना	to agree
ललचाना , ललचा आना	to be tempted or allured
पछताना	to repent
बुरा लगना	to feel bad

Adverbs

सचमुच	really
क्यों	why, what do you think

Build-up Drills

1. गर्मी है
   गर्मी ज़बरदस्त है
   गर्मी तो ज़बरदस्त है
   गर्मी तो बड़ी ज़बरदस्त है
   गर्मी तो सचमुच बड़ी ज़बरदस्त है

2. अगर मिल जाए
   अगर पानी मिल जाए
   अगर पानी का गिलास मिल जाए
   अगर ठंडा पानी का गिलास मिल जाए

3. जान आए
   तो जान आए
   तो जान में जान आए

4. कमी है
   पानी की कमी है
   पानी की क्या कमी है

5. निकलती है
   निकल जाती है
   जान निकल जाती है
   गर्मियों में जान निकल जाती है
   गर्मियों में तो जान निकल जाती है

6. तुम आ रहे हो
   तुम नज़र आ रहे हो
   तुम चंगे भले नज़र आ रहे हो
   तुम तो चंगे भले नज़र आ रहे हो

7. देखो

निकल कर देखो

बाहर निकल कर देखो

ज़रा बाहर निकल कर देखो

तो पता लगे

ज़रा बाहर निकल कर देखो तो पता लगे

Intonation Practice

1. जितना चाहो उतना पियो
   जितना खा सकते हो उतना खाओ
   जितना आसानी से ला सकते हो उतना ले आओ
   जितना ठीक हो उतना दे दो
   जितना मिल जाए उतना ख़रीद ले ना

2. पी कर मज़ा आ गया
   खा कर पेट में दर्द हो गया
   देख कर जी ललचा आया
   बेच कर बड़ा पछताया
   सुन कर बड़ा बुरा लगा

3. गर्मियों का अपना मज़ा है, सर्दियों का अपना
   शहर का अपना मज़ा है, गाँव का अपना
   दूध का अपना मज़ा है, शराब का अपना
   पानी का अपना फ़ायदा है, बीयर का अपना
   भाइयों का अपना फ़ायदा है, दोस्तों का अपना

Grammatical Notes

1. तो - This is an emphatic particle. It emphasizes the word it comes after. It is different from other emphatic particles ही and भी in that ही usually implies exclusion, भी usually implies inclusion, but तो in addition to emphasizing the preceding word implies implicitly or explicitly something from which the emphasized word is supposedly different. This is close to the English way of saying so far as..... is concerned.

For different usages of तो , see 16.2.

2. अगर ..... तो - Such a conditional sentence contains two clauses: the अगर clause and the तो clause. In Hindi, either of these clauses can precede the other. Also, whereas the word अगर in the first clause is optional, the word तो in the first clause is always deleted. The word अगर /तो of the following clause is always present. See the following sentence:

(अगर) एक पानी का गिलास मिल जाए तो जान में जान आए

One could also say:

जान में जान आए अगर पानी का एक गिलास मिल जाए

3. जितना ..... उतना - This is a relative construction: जितना marks the relative clause and उतना marks the main clause. Either clause can precede the other. Under flat intonation, the first clause has the emphasis.

4. दो सहेलियाँ Style- Informal

स्थान - अपना अपना घर

(बातचीत टेलिफोन पर)

शीला - हां भई वीना, क्या हाल है ?

वीना - हालचाल सब ठीक है । आज कैसे याद किया इतने दिन के बाद ?

शीला - सुनो, आज शाम को इधर ही चली आओ । खाना इकट्ठे खाएंगे । सुधा भी आ रही है ।

वीना - तो ख़ास बात है क्या कोई ।

शीला - नहीं, ख़ास-वास तो कुछ नहीं । कुछ ख़ास है भी, और नहीं भी । आओगे तो बताएंगे ।

वीना - नहीं भाई, पहले बताओ । ओ हो . . . समझ गई । आज जनाब की साल-गिरह है ।

शीला - हां, फिफ़्टी परसैंट तो ठीक समझ गई हो ।

वीना - क्या मतलब ?

शीला - हां है तो सालगिरह ही, लेकिन हमारी नहीं, हमारी शादी की है, समझी ?

वीना - अरे वाह ! मुबारक हो ! फिर तो जरूर आएंगे । कहो तो पड़ोसियों को भी लेते आएं ।

शीला - हां जरूर जरूर !

वीना - अच्छा सुनो, असली मुबारकबाद तो शाम को ही आ कर देंगे । तुम्हें

और तुम्हारे उनको ।

शीला - और हमारे बच्चों को भी ।

वीना - हां हां जरु- - -र ! अच्छा, यह कौन-सी सालगिरह है ?

शीला - देखो, मुन्ना अब नौ साल का है । अब तुम ही हिसाब लगा लो - कितने साल हो गए हमारी शादी को ।

Glossary

Nouns

मतलब	m	meaning
पड़ोसी	m	neighbour
हिसाब	m	calculation, arithmetic
साल	m	year
मुन्ना	m	son
भई	m,f	a form of informal address
सहेली	f	girl-friend
बातचीत	f	conversation
सालगिरह	f	anniversary, birthday
शादी	f	marriage
मुबारक	f	congratulations
मुबारकबाद	f	congratulations

Adjective

इकट्ठा	together

Verbs

याद करना	to remember
चला आना	to come along
समझना, समझ जाना	to understand
पधारना	to come (a very formal term)
ठीक करना, ठीक कर देना	to fix, repair

Build-up Drills

1. याद किया
   आज याद किया
   आज कैसे याद किया
   इतने दिन के बाद
   आज इतने दिन के बाद कैसे याद किया
   आज कैसे याद किया इतने दिन के बाद

2. चली आओ
   इधर चली आओ
   इधर ही चली आओ
   शाम को इधर ही चली आओ
   आज शाम को इधर ही चली आओ

3. बात है
   ख़ास बात है
   कोई ख़ास बात है
   क्या कोई ख़ास बात है
   तो क्या कोई ख़ास बात है
   तो ख़ास बात है क्या कोई

4. सालगिरह है
   जनाब की सालगिरह है
   आज जनाब की सालगिरह है

5. लेते आएं
   पड़ोसियों को लेते आएं
   पड़ोसियों को भी लेते आएं
   अगर कहो तो
   अगर कहो तो पड़ोसियों को भी लेते आएं

6, देंगे

आ कर देंगे

शाम को आ कर देंगे

शाम को ही आ कर देंगे

मुबारकबाद शाम को ही आ कर देंगे

असली मुबारकबाद शाम को ही आ कर देंगे

7. लगा लो

हिसाब लगा लो

तुम हिसाब लगा लो

तुम ही हिसाब लगा लो

अब तुम ही हिसाब लगा लो

8. हो गए

साल हो गए

कितने साल हो गए

शादी को

हमारी शादी को

हमारी शादी को कितने साल हो गए

कितने साल हो गए हमारी शादी को

Intonation Practice

1. आज कैसे याद किया इतने दिन के बाद
   आज कैसे आ गए इतने दिन के बाद
   आज कैसे पधारे इतने दिन के बाद
   आज कैसे खा लिया मीट, इतने सालो के बाद
   आज कैसे ख़रीद ली इतनी महंगी किताब

2. हां, फिफ्टी परसेंट तो ठीक समझ गई हो
   हां, वह तो मेरी बात समझ गया है
   नहीं, तुम मेरी बात नहीं समझे
   हां, उन्होंने तो ड्रामा नहीं देखा था
   नहीं, हमने तो वह ड्रामा नहीं देखा था

3. कहो तो पड़ोसियों को भी लेते आएं
   कहो तो आपकी चीज़ें ले आऊं
   कहो तो उनको ठीक कर दूं
   कहो तो हम उनको बुला लाएं
   कहो तो उनकी बात भी सुन लें

Grammatical Notes

1. ख़ास - वास - This is an echo-construction. These constructions are a well-spread phenomonon in Hindi language. The echo word usually starts with व ; it gives the meaning or something like that. So, ख़ास-वास तो कुछ नहीं would mean there is nothing special or anything like that.

Echo constructions are used only in less formal speech.

2. Word-order - Also refer to the grammatical note 2.2. In the light of the comments there, look at the following sentences:

(i) आज कैसे याद किया इतने दिन के बाद ।

(ii) है तो सालगिरह ही ।

3. जनाब - The literal meaning is sir. The formal pronouns आप, वे , and nouns expressing respect and status in their literal meaning reflect a gradual loss of formality as one starts applying them downward: so, जनाब preserves its literal meaning when applied to a person of higher status, informal when applied to a person of equal status, and very informal (communicating perhaps satirical tones) when applied to a person of lower status.

4. लेते आएं - Structurally, लेते is related to the present participial form लेते हुए. In such an expression, the adjectival character is preserved, but with हुए dropped the remaining लेते attains an adverbial character.

5. तुम्हारे उनको - Calling the husband by name (or other elders in the family) is a taboo. So, this is circumvented in many interesting ways: in addressing one's husband अजी (Oh, please!), सुनना जरा (Please listen!), बंटी के पापा (Oh Bunty's daddy!) etc. In addressing someone else's husband, the expression तुम्हारे वे "your He" is one of the most common ones.

5. पति - पत्नी Style- Informal

स्थान - उनका घर

पति - अरे ओ सुनती हो ! देखना, कौन है ?

पत्नी - भय्या आने वाले थे, वह ही आए होंगे । बस, एक मिनट में आई । . . . हां, कहां है भय्या ?

पति - अरे, भय्या अभी कहां से आ गए । अभी तो चार बजे हैं । उनके आने का टाइम तो पांच बजे है ।

पत्नी - तो फिर बुलाया क्यों ?

पति - हमने कहा - वैसे तो आओगी नहीं, चलो ऐसे ही सही । सुनो, थोड़ी देर हमारे पास ही बैठ जाओ ।

पत्नी - और रसोई में वह जो सारा काम बिखरा पड़ा है, वह कौन करेगा ?

पति - सुनो, भय्या आते तब भी तो यहां बैठ तीं न ।

पत्नी - सो तो बैठ ती । बाहर से कोई आए फिर तो बैठ ना पड़ता है न ।

पति - अच्छा . . . ! तो इसका मतलब यह हुआ कि हमसे बाहर वाले ही अच्छे हुए । हम तो घर के जोगी जोगड़े ठहरे न ।

पत्नी - तुम तो बड़े वो गो । बाल की खाल निकालनी हो तो कोई तुम से सीखे । क्यों ? अच्छा, लो बैठ गई । बोलो, क्या बात है ?

पति - बात-बात कुछ नहीं । बस बैठी रहो यूं ही ।

Glossary

Nouns

पति	m	husband
भय्या	m	brother (affectionate term)
पत्नी	f	wife
देर	f	while, delay
रसोई	f	kitchen
बारिश	f	rain

Adjectives

थोड़ा	a little
ख़राब	bad, out or order
बुद्धू	foolish
पगला	crazy

Verbs

बुलाना	to call (not on the phone)
बिखरना	to be scattered, to be in a mess
सीखना	to learn (a skill)
बैठना, बैठ जाना	to sit
रुकना	to stop (intr.)

Adverbs

वैसे	that way
ऐसे	this way
यूंही	just like that
एकदम	absolutely

Others

बस	enough, that's it

Idioms

घर का जोगी जोगड़ा	lit. a yogi is not respected in his own home
बाल की खाल निकालना	to indulge in hair-splitting, to be picky

Build-up Drills

1. आ गए

   भय्या आ गए

   भय्या कहां से आ गए

   भय्या अभी कहां से आ गए

2. टाइम पांच बजे है

   टाइम तो पांच बजे है

   आने का टाइम तो पांच बजे है

   उनके आने का टाइम तो पांच बजे है

3. बैट जाओ

   हमारे पास बैट जाओ

   हमारे पास ही बैट जाओ

   थोड़ी देर हमारे पास ही बैट जाओ

4. बिखरा पड़ा है

   काम बिखरा पड़ा है

   सारा काम बिखरा पड़ा है

   रसोई में सारा काम बिखरा पड़ा है

   रसोई में जो सारा काम बिखरा पड़ा है

   रसोई में वह जो सारा काम बिखरा पड़ा है

   वह कौन करेगा

   रसोई में वह जो सारा काम बिखरा पड़ा है वह कौन करेगा

5. तुम यहां बैठती

   तब तुम यहां बैठती

   तब तुम यहां बैठती न

   तब भी तुम यहां बैठती न

   अगर भय्या आते

अगर भरया आते तब भी तुम यहां बैठती न
अगर भरया आते तब भी यहां बैठती न

6. तुम से सीखे
कोई तुम से सीखे
अगर बाल की खाल निकालनी हो तो
अगर बाल की खाल निकालनी हो तो कोई तुम से सीखे

7. बैठी रहो
यूंही बैठी रहो
बस यूंही बैठी रहो

Intonation Practice

1. वैसे तो आओगी नहीं, चलो ऐसे ही सही ।
   वैसे तो मानोगी नहीं, चलो ऐसे ही सही ।
   वैसे तो तुम यह काम करते नहीं, चलो ऐसे सही ।
   वैसे तो तुम हां कहते नहीं, चलो ऐसे ही सही ।

2. भय्या आते तब भी तो यहां बैठती न
   बारिश आ जाती तब भी तो यहां रुकते न
   वह कहते तब भी तो यह काम करते न
   मां खाना पकातीं तब भी तो तुम खाते न
   वह कहती तब भी तो बात मानते न

3. तुम तो बड़े वो हो
   तुम तो बड़े ख़राब हो
   तुम तो बहुत बुद्धू हो
   तू तो एकदम पगली है
   वह तो बहुत वैसा है
   मैं तो बहुत बुरा हूँ

Grammatical Notes

1. अरे ओ सुनती हो - Like uttering one's husband's name (cf. 4.5.), calling one's wife also by name is proscribed in many sections of Indian society although this restriction has been less strictly enforced. As a result, expressions like the one above are typically used to attract one's wife's attention.

2. सही - Literally, ti means 'correct.' The word सही is used in two ways: (i) in its literal sense, as in यह बात सही है (this is right), and आपने सही बात नहीं बतायी है (You did not tell the correct thing), (ii) in slightly different usage in informal speech. In the latter sense, it usually occurs at the end of a phrase and connotes in a very weakway the speaker's agreement with some proposition. Look at the following sentences where सही though maintaining its basic meaning is realized differently in translations in English:

(i) वह आएगा तो सही लेकिन करेगा क्या ?	Granted that he'll come but what will he do?
(ii) न तो न सही ।	If you say 'No,' then let it be 'No.'
(iii) मेरे पास है तो सही लेकिन दे नहीं सकता	No doubt (it's correct) that I have it but I can't give it.
(iv) चलो, ऐसे ही सही	So, let it be like this!
(v) देखो तो सही, कितना अच्छा है ।	At least, look at how good it is!
(vi) तुम वहां बैठना न सही, मेरे साथ तो चलो ।	You may not sit there (it's fine if you don't sit there), but at least come along with me.

(vii) नहीं खाया तो न सही । It doesn't matter (it is fine) that (we/they) didn't eat.

Mark, the phrase in which सही appears is never a complete sentence by itself and something else is always required to complete the idea.

3. तुम तो बड़े वो हो 'You are a big you-know-what.' वो is very much a pronoun and could be written as वह (but pronounced invariably as वो in the present sense). This seems to be a pro-form (or a substitute) for some harsh word that the speaker is trying to avoid using; so in a sense this is the least harsh word.

6. भाई - बहन - कैथी और रिचर्ड Style- Informal

स्थान - बम्बई का हवाई-अड्डा

कैथी - वह आ रहा है रिचर्ड। यह आ गया। रि---च---र्ड।

रिचर्ड - कै---थी। कहो भई, क्या हाल है ? कैसे हैं सब लोग ?

कैथी - सब मज़े में हैं। तुम अपनी सुनाओ। कैसा रहा सफ़र।

रिचर्ड - ठीक ठीक रहा। बड़ा लम्बा सफ़र था। थक गया हूं।

कैथी - सामान कहां है तुम्हारा ?

रिचर्ड - सामान उधर से लेना होगा।

कैथी - तो चलो, जल्दी से होटल चलें। सब लोग तुम्हारा इन्तज़ार कर रहें हैं।

रिचर्ड - तो कैसे चलेंगे - कार से, या टैक्सी से ?

कैथी - कार कहां से आयी यहां ? टैक्सी से चलेंगे।

रिचर्ड - हां, तो, मेरा तार तो मिल गया था न ?

कैथी - हां तार तो मिल गया था। लेकिन तुम्हें हुआ क्या ? तुम कल क्यों नहीं आए ?

रिचर्ड - यह एक लम्बी कहानी है। आराम से बैठ के बताऊंगा। अभी तो मेरे होश हवास उड़े हुए हैं।

कैथी - ऐसी भी क्या ख़ास बात है। अच्छा, चलो। सामान ले लिया अपना ?

रिचर्ड - हां, सामान तो यह रहा।

कैथी - तो चलो चलें, बाक़ी टैक्सी में बताना फिर।

Glossary

Nouns

हवाई-अड्डा	m	airport
सफ़र	m	journey
सामान	m	baggage, stuff
तार	m	telegram
आराम	m	rest, comfort, recovery
मेहमान	m	guest
कुत्ता	m	dog
कागज़	m	paper (sheet)
कहानी	f	story
बिल्ली	f	cat

Adjectives

लम्बा	long
तैयार	ready

Verbs

सुनाना	to tell, narrate
थकना, थक जाना	to get tired
इन्तज़ार करना	to wait
सुलाना	to put to bed

Other

फिर	again, then

Idiom

होश-हवास उड़ना	to be dead tired; lit. to lose (one's) senses and understanding (cf. I've really had it).

Build-up Drills

1. क्या हाल है ?
   भई क्या हाल है ?
   कहो भई क्या हाल है ?

2. अपनी बात सुनाओ
   तुम अपनी बात सुनाओ
   तुम अपनी सुनाओ

3. लोग इन्तज़ार कर रहे हैं
   सब लोग इन्तज़ार कर रहे हैं
   सब लोग तुम्हारा इन्तज़ार कर रहे हैं

4. तार मिल गया था
   तार तो मिल गया था
   मेरा तार तो मिल गया था
   मेरा तार तो मिल गया था न ?

5. तुम नहीं आए
   तुम क्यों नहीं आए ?
   तुम कल क्यों नहीं आए ?
   कल क्यों नहीं आए ?

6. ख़ास बात है
   क्या ख़ास बात है ?
   ऐसी भी क्या ख़ास बात है ?

7. तुमने ले लिया
   तुमने सामान ले लिया
   तुमने अपना सामान ले लिया
   सामान ले लिया अपना
   सामान ले लिया अपना ?

8. तुम बताना
   तुम टैक्सी में बताना
   तुम फिर टैक्सी में बताना
   तुम बाक़ी फिर टैक्सी में बताना
   बाकी फिर टैक्सी में बताना
   बाकी टैक्सी में बताना फिर

Intonation Practice

1. यह आ गया रिचर्ड ।
   यह हो गया सारा काम ।
   लो चली गई बस ।
   वह आ गए सारे मेहमान ।
   वह जा रहा है तुम्हारा कुत्ता ।
   वहां है हमारा घर ।

2. जल्दी से होटल चलें ।
   फटाफट यह पूरा कर लें ।
   चलो, पहले बच्चों को सुला लें ।
   पहले टेलिफ़ोन कर लूं ।
   पहले मेहमान आ जाएं ।
   जल्दी से बच्चों को तैयार कर लें ।

3. लेकिन तुम्हें हुआ क्या ?
   लेकिन आप लोग गए कहां ?
   पर बिल्ली गई किधर ?
   पर वे आए कब ?
   लेकिन हम वहां जाएं क्यों ?
   लेकिन आपने यह किया क्या ?

4. सामान तो यह रहा ।[1]
   पैसे यह रहे ।
   किताबें वह रहीं ।
   बच्चे तो ये रहे ।
   साइकल तो वह पड़ी ।
   तुम्हारे कागज़ यह रहे ।

[1] In these sentences यह means here, and वह means there.

Grammatical Notes

1. अपना - This is a reflexive pronoun. If the possessive pronoun and the logical subject of the same simple sentence are co-referential (i.e. refer to the same person), the possessive pronoun is converted into अपना , e.g. look at the following two sentences from Lesson 6:

(i) तुम तुम्हारी बात सुनाओ ⟶
तुम अपनी बात सुनाओ ⟶
तुम अपनी सुनाओ for deletion of बात, see

(ii) तुम ने तुम्हारा सामान ले लिया ⟶
तुम ने अपना खाना सामान ले लिया

Similarly,

(iii) मैंने मेरा खाना खा लिया था ⟶
मैं ने अपना खाना खा लिया था

(iv) वे उनके घर जाएंगे ⟶
वे अपने घर जाएंगे

Mark (iv) is possible only if वे and उनके refer to the same person.

The rule discussed above takes care of the majority of cases.

2. For a detailed note on reduplication, see 7.4.

Sometimes, when an adjective is reduplicated, its meaning is mitigated to some extent. This mitigation is expressed in English by words like 'sort of,' '-ish,' etc. See the following examples:

हरा हरा कपड़ा	greenish cloth
बड़ा बड़ा कप	sort of a big cup

In the same way:

ठीक-ठीक	sort to fine (meaning, so-so)

3. सामान उधर से लेना होगा - 'We have to pick up the luggage from over there.' The Hindi sentence is an impersonal construction of the type:

Logical Subject + को	-	V ना	-	होना
(हम को)		(लेना)		(होगा)

in the sense 'One has to V'

In the present case, the subject has been left understood.

Also see 19.2.

4. बैठ के बताऊंगा - This is a gerund construction: Verb stem + कर / के / करके .

कर is used in a formal style usually, के in a less formal style, and करके in the least formal style. A gerund, represents the former action in the time sequence, e.g.

मैं बैठूंगा (और) मैं बताऊंगा ⟶

मैं बैठ कर बताऊंगा

or मैं बैठ के बताऊंगा

or मैं बैठ करके बताऊंगा

The subject in the two sentences must be the same.

5. बताना फिर - बताना is an imperative construction. There are several imperative forms of the verb:

(तू)	बता
(तुम)	बताओ

(तुम / आप)	बताना
(आप)	बताओ
(आप)	बताइए
(आप)	बताइएगा

Among these, बताना usually has a more future sense than others. Such a form is also useful for one who is torn between addressing someone as तुम or आप .

7. एक विदेशी, एक हिन्दुस्तानी महिला Style- Formal

स्थान - हिन्दुस्तानी महिला का घर

श्रीमती कपूर - क्यों खाना बहुत तेज़ तो नहीं आपके लिए ?

श्री केसिंजर - तेज़ का मतलब क्या ? मसालेदार ?

श्रीमती कपूर - हां, वही मतलब है ।

श्री केसिंजर - नहीं नहीं बहुत अच्छा है । थोड़ा मसाला तो है लेकिन बहुत बढ़िया है । . . . बड़ा अच्छा खाना बनाया है आपने ।

श्रीमती कपूर - सचमुच अच्छा लगा या ऊपर ऊपर से ही कह रहे हैं ?

श्री किसेंजर - सच । इससे ही अंदाज़ा लगा लो कि कितना खा गया हूं । अच्छा, यह क्या चीज़ है ?

श्रीमती कपूर - यह पोदीने की चटनी है । पोदीना समझते हैं न ? मिंट लीव्ज़ ।

श्री किसेंजर - अरे वाह । बहुत बढ़िया बनी है । और यह गोल-गोल जो है, इसका नाम क्या है ?

श्रीमती कपूर - इसे कोफ़्ता बोलते हैं हम लोग । यह बनता है कमल-ककड़ी से - लोटस स्टॉक ।

श्री केसिंजर - यह बिलकुल नई चीज़ है मेरे लिए । लेकिन एकदम लाजवाब चीज़ है ।

श्रीमती कपूर - ओर यह तो मालूम है न, क्या चीज़ है ?

श्री किसेंजर -- नहीं, कुछ जानी-पहचानी तो है लेकिन समझ में नहीं आ रहा कि है क्या ?

श्रीमती कपूर - यह भरता है । बैंगन से बनाते हैं इसे ।

श्री केसिंजर - बैंगन यानी एग प्लांट ?

श्रीमती कपूर - जी-हां ।

श्री केसिंजर - अरे वाह, कमाल कर दिया ! मुझे अगर ऐसा खाना रोज़ मिल जाए तो सचमुच मीट खाना छोड़ दूं ।

श्रीमती कपूर - सच ?

Glossary

Nouns

खाना	m	food
मसाला	m	spice
अन्दाज़ा	m	guess
कमाल	m	a feat, incredible (thing)
आनन्द	m	enjoyment

Adjectives

श्रीमती	(prefix)	Mrs.
श्री	(prefix)	Mr.
तेज़		fast, spicy
मसालेदार		spicy
बढ़िया		fine, superior
गोल		round
लाजवाब		superb, unanswerable
जाना-पहिचाना		familiar
सुन्दर		beautiful

Verbs

बनाना	to make (transitive)
छोड़ना, छोड़ देना	to leave, give up

Adverb

(हर) रोज़	daily

Others

वाह रे वाह !	Cheers! Excellent!
यानी	i.e., or

Build-up Drills

1. खाना तेज़ नहीं
   खाना तेज़ तो नहीं
   खाना बहुत तेज़ तो नहीं
   आपके लिए खाना बहुत तेज़ तो नहीं
   खाना बहुत तेज़ तो नहीं आप के लिए

2. आपने बनाया है
   आपने खाना बनाया है
   आपने अच्छा खाना बनाया है
   आपने बड़ा अच्छा खाना बनाया है
   बड़ा अच्छा खाना बनाया है आपने

3. तुम लगा लो
   तुम अन्दाज़ा लगा लो
   तुम इससे अन्दाज़ा लगा लो
   तुम इस से ही अन्दाज़ा लगा लो
   इससे ही अन्दाज़ा लगा लो

4. जो गोल-गोल है
   इसका नाम क्या है
   जो गोल गोल है इसका नाम क्या है ?
   यह जो गोल गोल है इसका नाम क्या है ?
   यह गोल गोल जो है इसका नाम क्या है ?

5. हम बोलते हैं
   हम लोग बोलते हैं
   हम लोग इसे बोलते हैं
   हम लोग इसे कोफ्ता बोलते हैं
   इसे कोफ्ता बोलते हैं हम लोग

6. यह चीज़ है
   यह नई चीज़ है
   यह बिल्कुल नई चीज़ है
   मेरे लिए यह बिल्कुल नई चीज़ है
   यह बिल्कुल नई चीज़ है मेरे लिए

7. यह चीज़ जानी-पहिचानी है
   यह चीज़ जानी-पहिचानी तो है
   यह चीज़ कुछ कुछ जानी-पहिचानी तो है
   कुछ कुछ जानी-पहिचानी तो है

8. मुझे मिल जाए
   मुझे खाना मिल जाए
   मुझे खाना रोज़ मिल जाए
   मुझे ऐसा खाना रोज़ मिल जाए
   अगर मुझे ऐसा खाना रोज़ मिल जाए
   मुझे अगर ऐसा खाना रोज़ मिल जाए

Intonation Practice

1. नहीं नहीं बहुत अच्छा है ।
   नहीं नहीं वह जरूर आएगी ।
   हां हां मैं ने ही कहा था ।
   हां हां फिर क्या हुआ ?
   नहीं नहीं हम नहीं जाएंगे ।
   हां हां हम चलेंगे ।

2. वाह ! बहुत बढ़िया बनी है ।
   वाह ! वाह ! क्या बात कही है आपने ।
   खूब ! क्या चीज़ बनाई है आपने ।
   सुन्दर ! एकदम सुन्दर ।

3. और यह मालूम है न क्या चीज़ है ?
   और यह मालूम है न कौन था ?
   और पता है न मीटिंग कहां है ?
   और जानते हो न किधर जाना है ?
   और पता है न किसको कहना है ?

4. अरे वाह ! कमाल कर दिया ।
   अरे खूब ! मज़ा आ गया ।
   अरे बहुत खूब ! आनन्द आ गया ।
   वाह रे वाह ! यह तो बड़ा अच्छा किया ।

Grammatical Notes

1. क्यों - The most frequent meaning of क्यों is in its interrogative sense why. But especially, in conversation, it means what do you think? , asked of the listener after the speaker has proposed something.

2. अंदाज़ा लगा लो - 'take a guess.' The word लगाना basically meant 'to bring in contact with,' which is realized in a variety of surface meanings. लेना , the second member of the compound verb, makes the expression completive, less formal, and reflexive.

Also see 15.3.

3. Subject Deletion - See the grammatical note 1.2. In this lesson, the following sentences have the subject deleted as shown below with the subjects in parenthesis:

(i) (आपको) सचमुच अच्छा लगा ?
(ii) (तुम / आप) इस से ही अंदाज़ा लगा लो ।
(iii) (मैं) कितना खा गया हूँ ।
(iv) (आप) पोदीना समझते हैं न ?
(v) (आपको) यह तो मालूम है न ?
(vi) (मुझे) समझ में नहीं आ रहा ।
(vii) (हम) बैंगन से बनाते हैं इसे ।
(viii)(आपने) कमाल कर दिया ।

4. गोल-गोल - Reduplicatives are very common in Hindi-Urdu as contrasted to English. It is used in the following senses:

(i) Distributive - When an adjective is reduplicated and the noun qualified is a countable item, then the reduplicated word implies that the adjective applies to each and every one of the items individually; e.g.

मीठे मीठे सन्तरे लाना । 'Be sure to bring sweet oranges!'

(ii) Intensification - When the noun qualified is a non-countable item, the reduplication on the word intensifies the quality of the adjective; e.g.

ठंडा ठंडा पानी लाना । 'Be sure to bring me cold water!'

The same idea of intensification will be true of reduplicated adverbs also; e.g.

धीरे धीरे बोलिये । 'Speak really slowly.'

(iii) Diminished effect - See 6.2.

(iv) Continuative - When a verb is reduplicated, the sense is continuative; e.g.

बच्चा रो रो कर सो गया । '(After) crying for a long time, the child went to sleep.'

मैं यह खा खाकर तंग आ गया हूं । '(After) eating this for a long time, I have become sick of it.'

5. ऊपर ऊपर से कहना - ऊपर is reduplicated for stress here. The whole phrase is an idiom, since the meaning is more or less fixed though not far removed from the literal: 'to say from outside/externally' here means 'to say something but not really mean it.' The whole sentence सचमुच अच्छा लगा या ऊपर ऊपर से ही कह रहे हैं means 'Did you really mean it or are you just saying it.'

C2

8. टांगेवाला और एक अमरीकी Style- Formal

स्थान - दिल्ली की एक सड़क पर

अमरीकी - सुनना भाई टांगेवाले । कनाट प्लेस चलोगे ?

टांगेवाला - कितनी स्वारी है साहब ?

अमरीकी - पूरा टांगा चाहिए । हम चार लोग हैं ।

टांगेवाला - बैठिए । सात रुपए लगेंगे ।

अमरीकी - बहुत पैसे मांग रहे हो भाई । कितने मील है यहां से ?

टांगेवाला - करीब तीन मील है साहब । और फिर ऊपर से गर्मी भी तो देखिए न ।

अमरीकी - हां, वह तो ठीक है । लेकिन सात तो मैं नहीं दे सकता । हां पांच रुपए लोगे तो चलेंगे ।

टांगेवाला - जनाब, आप तो भाव-ताव कर रहे हैं । आपको तो दस रुपए देने चाहिएं ।

अमरीकी - क्यों ? हमें दस रुपए क्यों देने चाहिएं । कोई खास बात है हमारे में ?

टांगेवाला - आप तो अमरीकी हैं न ?

अमरीकी - तो फिर क्या हुआ ?

टांगेवाला - सुना है, अमरीका वालों के पास बहुत पैसा है ।

अमरीकी - शायद ठीक कहते हो, लेकिन कुछ गरीब भी हैं वहां मुझ जैसे ।

- . . . भई, मैं तो बहुत गरीब हूं ।

टांगेवाला - तो ठीक है, आप पांच रुपए दीजिए । बैठिए । . . .

चल भई घोड़े । फटाफट । टप . . . टप . . . टप . . .

Glossary

Nouns

टांगेवाला	m	horse-cart driver
टांगा	m	horse-cart
पैसे	m	money
मील	m	mile
भाव-ताव	m	bargaining, haggling
मरीज	m,f	patient
सड़क	f	road, street
सवारी	f	passenger
महंगाई	f	cost of living, expensiveness
हालत	f	condition
गाली	f	abuse, swear word

Adjectives

पूरा	full, complete
करीब	about, approximately
गरीब	poor
-जैसा	-like

Verbs

मांगना	to ask for, request
बढ़ना	to increase (intr.)

Adverb

फटाफट, फ़टाफ़ट	quickly

Build-up Drills

1. तुम मांग रहे हो
   तुम पैसे मांग रहे हो
   तुम बहुत पैसे मांग रहे हो
   तुम बहुत पैसे मांग रहे हो, भाई।
   बहुत पैसे मांग रहे हो, भाई।

2. गर्मी देखिए
   गर्मी भी देखिए
   गर्मी भी तो देखिए
   फिर गर्मी भी तो देखिए
   फिर ऊपर से गर्मी भी तो देखिए
   फिर ऊपर से गर्मी भी तो देखिए न

3. मैं दे सकता हूं
   मैं सात रुपए दे सकता हूं
   मैं सात रुपए तो दे सकता हूं
   मैं सात रुपए तो नहीं दे सकता
   सात रुपए तो मैं नहीं दे सकता

4. आप कर रहे हैं
   आप भाव-ताव कर रहे हैं
   आप तो भाव-ताव कर रहे हैं

5. हमें देने चाहिएं
   हमें दस रुपए देने चाहिएं
   हमें दस रुपए क्यों देने चाहिएं

CC

6. बहुत पैसा है
अमरीका वाले
अमरीका वालों के पास
अमरीका वालों के पास बहुत पैसा है

7. गरीब हैं
गरीब भी हैं
कुछ गरीब भी हैं
वहां कुछ गरीब भी हैं
लेकिन वहां कुछ गरीब भी हैं
लेकिन वहां मुझ जैसे कुछ गरीब भी हैं
लेकिन कुछ गरीब भी हैं वहां मुझ जैसे

8. मैं गरीब हूं
मैं बहुत गरीब हूं
मैं तो बहुत गरीब हूं
भई मैं तो बहुत गरीब हूं

07

Intonation Practice

1. बहुत पैसे मांग रहे हो भाई ।
   बड़ी देर से आए हो जनाब ।
   बहुत चीज़ें बेच डालीं तुमने ।
   बड़ी बुरी बुरी बातें कहीं तुमने ।

2. ऊपर से गर्मी भी तो देखिए न ।
   ऊपर से महंगाई भी तो देखिए न ।
   ऊपर से मरीज़ की हालत भी तो देखिए न ।
   ऊपर से जो उसने गालियां दीं उसको भी देखिए न ।

3. सुना है अमरीका वालों के पास बहुत पैसा है ।
   सुना है कि जिमी कार्टर हिन्दुस्तान जाने वाला है ।
   पता लगा है कि वे भी यहीं पहुचने वाले हैं
   पता लगा है कि गैस का दाम और बढ़ने वाला है ।

4. लेकिन कुछ गरीब भी हैं वहां मुझ जैसे
   लेकिन कुछ अच्छे भी हैं वहां उन जैसे
   लेकिन कुछ पगले भी हैं यहां इस जैसे
   लेकिन कुछ सस्ते भी हैं यहां उस जैसे

Grammatical Notes

1. चाहिए - It is realized in two different meanings in English If this is preceded by a noun in the construction,

Agent + को - Noun - चाहिए

it means need or want. But if it is preceded by an infinitive form of the verb in the construction,

Agent + को - Verb infinitive - चाहिए

it means should or ought to. In Lesson 8, हमें पूरा टांगा चाहिए illustrates the want meaning, and आपको दस रुपए देने चाहिएं illustrates the should meaning.

2. सुना है - The subject is deleted here. It could have been मैंने or हम ने or लोगों ने. In English, to meet such a requirement of dropping an obvious subject, we often resort to passive constructions, e.g. It's heard (by us), but in Hindi, we have different ways of doing it, one of them being deletion of subject.

The verb सुना in the above expression is transitive and has a perfective construction; hence ने with the subject.

3. अमरीका वालों के पास बहुत पैसा है - The basic meaning of के पास is near. So, the sentence literally means a lot of money is near Americans. This is the Hindi way of expressing the idea of possession when the things possessed are of transferable nature.

The have constructions of English are rendered in four different ways in Hindi:

(i)	He has a book.	उसके पास एक किताब है ।
(ii)	He has a brother.	उस का एक भाई है ।
(iii)	He has a fever.	उस को बुखार है ।
(iv)	This house has three rooms.	इस घर में तीन कमरे हैं ।

4. मुझ जैसा - This is an adjectival use of the word in the sense of -like as in animal-like, adult-like, like me, etc. In such a case the preceding noun or pronoun takes the oblique (postpositional) form. In all forms such as मुझ जैसा, उस जैसा, लड़के जैसा, बच्चों जैसा, जैसा can also be reduced to - सा; मुझ सा, उस सा, लड़के सा, बच्चों सा . The form with जैसा is more emphatic.

9. डाकिया और स्मिथ साहब की बेटी[1] Style- Formal

स्थान - स्मिथ साहब का घर

डाकिया - यह स्मिथ का घर है न ?

कुमारी स्मिथ - हां हां यह स्मिथ का ही घर है । क्या आज कोई ख़ास चिट्ठी है हमारे लिए ?

डाकिया - हां, यह एक रिजस्टर्ड लैटर है और ये तीन और चिट्ठियां भी हैं ।

कुमारी स्मिथ - बहुत अच्छा । हां, यह लैटर तो मेरे पिताजी के लिए है ।

डाकिया - अच्छा, इस रिजस्टर्ड लैटर के लिए आप ही साइन कर दीजिए ।

कुमारी स्मिथ - जरूर । अच्छा, एक बात कहती थी भाई आप से ।

डाकिया - जी हां ?

कुमारी स्मिथ - हम यहां से अगले हफ़्ते दूसरे मकान में जा रहे हैं । हमारी डाक का फिर क्या होगा ?

डाकिया - यह एक कार्ड है । इसे भर कर डाकखाने में भेज दीजिए । आपकी सारी डाक इस नए पते पर भेज दी जाएगी ।

कुमारी स्मिथ - बहुत बढ़िया ।

डाकिया - आप तो इस मकान में कई साल रहे न ।

[1] On tape, the caption appears as डाकिया और स्मिथ साहब

कुमारी स्मिथ - हां दो साल तो हो ही गए हैं ।

डाकिया - हां, डेढ़ साल से तो मैं ही डाक ला रहा हूं आपकी ।

कुमारी स्मिथ - अच्छा भाई, बहुत बहुत शुक्रिया ।

डाकिया - शुक्रिया किस बात का मेम साहब । अच्छी बात, फिर मिलेंगे ।

Glossary

Nouns

डाकिया	m	mailman
हफ़्ता	m	week
डाकखाना	m	post-office
शुक्रिया	m	thanks
चिट्ठी	f	letter
डाक	f	mail

Adjectives

दूसरा	second, another
अगला	next
कई	several
डेढ़	one and a half
ढाई	two and a half

Verbs

भरना	to fill
भेजना, भेज देना	to send
मंगवाना	to get something (through someone)

Build-up Drills

1. चिट्ठी है
   ख़ास चिट्ठी है
   कोई ख़ास चिट्ठी है
   आज कोई ख़ास चिट्ठी है
   हमारे लिए आज कोई ख़ास चिट्ठी है
   क्या हमारे लिए आज कोई ख़ास चिट्ठी है ?
   क्या आज कोई ख़ास चिट्ठी है हमारे लिए ?

2. पिता जी के लिए है
   मेरे पिता जी के लिये है
   यह लैटर मेरे पिता जी के लिये है
   यह लैटर तो मेरे पिता जी के लिये है

3. कर दीजिए
   साइन कर दीजिए
   आप साइन कर दीजिए
   आप ही साइन कर दीजिए

4. एक बात कहनी थी
   हमें एक बात कहनी थी
   हमें आप से एक बात कहनी थी
   भाई, हमें आप से एक बात कहनी थी
   भाई, हमें एक बात कहनी थी आपसे
   हमें एक बात कहनी थी भाई आप से

5. भेज दीजिए
   डाकखाने में भेज दीजिए
   भर कर डाकखाने में भेज दीजिये
   इसे भर कर डाकखाने में भेज दीजिए

6. भेज दी जाएगी

डाक भेज दी जाएगी

सारी डाक भेज दी जाएगी

आपकी सारी डाक भेज दी जाएगी

नए पते पर

आपकी सारी डाक नए पते पर भेज दी जाएगी

7. कई साल रहे

मकान में कई साल रहे

इस मकान में कई साल रहे

आप इस मकान में कई साल रहे

आप तो इस मकान में कई साल रहे

आप तो इस मकान में कई साल रहे न।

Intonation Practice

1. स्मिथ साहब आप ही हैं ?
   गुप्ता जी उनका ही नाम हैं ?
   वर्मा जी वे ही हैं ?
   जैन साहब ये ही हैं ?
   श्रीमती पाल वहां ही हैं ?

2. अच्छा, एक बात कहनी थी भाई आप से ।
   हां, एक किताब देनी थी आपको ।
   अच्छा, कुछ चीज़ें मंगवानी थीं उन से ।
   हां, एक कहानी सुनानी थी भाई आप को ।
   अच्छा, मुझे एक सवाल पूछना था आप से ।

3. हमारी डाक का फिर क्या होगा ?
   उनके बच्चों का फिर क्या होगा ?
   तुम्हारी कार का फिर क्या होगा ?
   मेरी किताबों का फिर क्या होगा ?

4. डेढ़ साल से तो मैं ही डाक ला रहा हूं ।
   दो महीने से तो मैं कहता आ रहा हूं ।
   तीन हफ्ते से तो हम ऊपर रह रहे हैं ।
   ढाई घंटे से तो आप पढ़ रहे हैं ।

Grammatical Notes

1. भेज दी जाएगी - 'Will be sent.' This is a passive construction from the compound verb भेज देना (to send away). Passivization affects two components of the active sentence: agent and verb. All other components remain unchanged. The agent takes the postposition के द्वारा or द्वारा but often the whole agent phrase is deleted and left understood. The verb takes the perfective form (verb-stem+ आ / या) plus the passive-marker जाना . This जाना is inflected for tense, gender and number.

2. शुक्रिया किस बात का - Literally, it means thanks for what?, but with proper intonation the sentence is neither interrogative nor impolite. What the speaker means is that what he/she did was something that he should have done anyway. The speaker does accept thanks but represents himself as a modest person throught a phrase like that above. This phrase corresponds to the English phrase don't mention it, that's alright, you are welcome, etc.

10. दो मित्र - माला और दिनेश Style- Semi-formal

स्थान - यूनिवर्सिटी के प्रांगण में

माला - बड़े ध्यान से पढ़ रहे हो । कोई ख़ास ख़बर है क्या ?

दिनेश - नहीं, ख़ास-वास तो कुछ नहीं । . . . कहो, क्या हो रहा है ?

माला - होना-वाना क्या है ? बस यूँ ही टाइम भागे जा रहा है ।

दिनेश - कब है कुम्हारा एक्ज़ाम ?

माला - बस, अब तो आ गया समझो । अगले हफ़्ते है ।

दिनेश - खूब तय्यारी है न ?

माला - तय्यारी-वय्यारी का तो कुछ पता नहीं । देखो, क्या बनता है ?
ख़ैर, जो होगा सो देखा जाएगा ।

दिनेश - अरे तुम तो हमेशा ही यूँ कहती हो । अपने को देखो । परीक्षा
में सिर्फ दो हफ्ते बाक़ी हैं और अभी हाथ तक नहीं लगाया ।

माला - तुम तो जीनियस हो, जीनियस । तुम्हें पढ़ने की क्या जरूरत है ?

दिनेश - हां भई, तुम नहीं मज़ाक करोगी को कौन करेगा ? अगर मैं जीनियस
हूं तो तुम सूपर-जीनियस हो । क्यों ? हो न ?

माला - चलो, ऐसा करते हैं, तुम मेरी बढ़ाई करो, मैं तुम्हारी बढ़ाई करती हूं ।

दिनेश - बहुत खूब । तुम भी खुश और हम भी खुश । क्यों ?

माला - बिल्कुल ठीक ।

Glossary

Nouns

प्रांगण	m	campus
ध्यान	m	attention
मज़ाक	m	joke
गधा	m	donkey, foolish person
मित्र	m,f	friend
ख़बर	m,f	news
तय्यारी, तैयारी	f	preparation
परीक्षा	f	examination
जरूरत	f	necessity
बढ़ाई	f	praise

Adjectives

सिर्फ़	only
ख़ूब	a lot, beautiful
ख़ुश	happy
पागल	foolish, crazy

Verbs

भागना	to run, to flee
हाथ लगाना	to touch

Other

ख़ैर	well (as an introducer in a sentence)

Build-up Drills

1. तुम पढ़ रहे हो
   तुम ध्यान से पढ़ रहे हो
   तुम बड़े ध्यान से पढ़ रहे हो
   बड़े ध्यास से पढ़ रहे हो

2. भागे जा रहा है
   टाइम भागे जा रहा है
   यूंही टाइम भागे जा रहा है
   बस यूंही टाइम भागे जा रहा है

3. आ गया
   आ ही गया
   अब आ ही गया
   अब तो आ ही गया
   अब तो आ ही गया समझो

4. पता नहीं
   कुछ पता नहीं
   तय्यारी का कुछ पता नहीं
   तय्यारी-वय्यारी का कुछ पता नहीं
   तय्यारी-वय्यारी का तो कुछ पता नहीं

5. देखा जाएगा
   सो देखा जाएगा
   जो होगा
   जो होगा सो देखा जाएगा

6. हाथ लगाया

हाथ नहीं लगाया

हाथ तक नहीं लगाया

अभी हाथ तक नहीं लगाया

और अभी हाथ तक नहीं लगाया

7. तुम्हें ज़रूरत है

तुम्हें पढ़ने की ज़रूरत है

तुम्हें पढ़ने की क्या ज़रूरत है ?

8. तुम मज़ाक करोगी

तुम मज़ाक नहीं करोगी

अगर तुम मजाक नहीं करोगी

तो कौन करेगा

अगर तुम मज़ाक नहीं करोगी तो कौन करेगा ?

अगर तुम नहीं मज़ाक करोगी तो कौन करेगा ?

Intonation Practice

1. कोई ख़ास ख़बर है क्या ?
   कोई आया है क्या ?
   किसी ने बुलाया है क्या ?
   कहीं जाना है क्या ?
   यही करना था क्या ?
   यहीं सबको आ ना था क्या ?

2. जो होगा सो देखा जाएगा ।
   जो करोगे सो मिलेगा ।
   जो बनेगा सो खालेंगे ।
   जो लाओगे सो पका लेंगे ।
   जो कहोगे सो सुन लेंगे ।

3. तुम तो जीनियस हो, जीनियस !
   तुम तो पगली हो, पगली !
   तुम तो बुद्धु हो, बुद्धु !
   वह तो उल्लू है, उल्लू !
   वह तो पूरा गधा है, गधा !
   मैं सचमुच पागल हूँ, पागल !

Grammatical Notes

1. Echo Constructions - Cf. 5.4. Examples from this lesson: ख़ास-वास, होना-वाना, तय्यारी-वय्यारी

2. भागे जा रहा है - भागे is the reduced form of the past participial construction भागे हुए which means one that has already fled. The meaning has undergone slight change through a metaphoric usage. The meaning realized in the present construction is that it is as if it has already fled; in other words, time is (really) flying.

3. जो . . . सो . . . - This is just a regular relative construction (cf. 3.3.). The co-relative marker सो is a synonym of वह.

4. अपने को देखो - Here the word अपने is not the reflexive pronoun. The word has acquired another meaning me in informal speech.

5. अब तो आ ही गया समझो - This is a combination of two simple sentences:

अब तो आ ही गया	'now it has already come.'
समझो	'understand.'

So, the total meaning is understand (or, think) as if it has already come.

6. हाथ तक नहीं लगाया - When occuring after a noun, pronoun or adverb, the postposition तक is used to express the limit with respect to both time and space, and is translated as upto, until etc. In the present case, the use of तक is a little abstract and could be best translated as (I) haven't even so much as touched it.

11. दो अमरीकी विद्यार्थी - क्रिस और लिंडा Style- Semi-formal

स्थान - अमरीका का एक यूनिवर्सिटी कैम्पस

क्रिस - तो कब जा रही हो लिंडा ?

लिंडा - कहां, हिन्दुस्तान ?

क्रिस - हां, हिन्दुस्तान ।

लिंडा - बस अगले महीने जाना है । लेकिन सच पूछो तो मेरा जी धक् धक् कर रहा है ।

क्रिस - क्यों ?

लिंडा - बात यह है कि नया देश है, नए लोग, नया रहन-सहन, नई बातें, हर चीज़ नई होगी ।

क्रिस - हां सो तो ठीक है लेकिन घबराने की क्या बात है ?

लिंडा - कभी कभी सोचती हूं कि वहां बीमार हो गई तो क्या होगा ?

क्रिस - पहली बात तो यह कि बीमार होगी ही क्यों ? अगर हो भी गई तो डाक्टर के पास चली जाना । एक से एक बढ़िया डाक्टर हैं और फिर इतने मंहगे भी नहीं जितने अमरीका में ।

लिंडा - चलो, देखो । अच्छा, यह तो बताओ कि दिल्ली में गर्मी कैसी पड़ती है ?

क्रिस - हां, गर्मी तो मई-जून में काफ़ी रहेगी । शायद टेम्परेचर ११०, ११५ तक जाए ।

लिंडा - और उमस भी खूब होती है ?

क्रिस - नहीं, मई-जून में इतनी उमस नहीं होती, लेकिन जुलाई-अगस्त में बहुत उमस होती है । लगभग ८०-९० प्रतिशत तक ।

लिंडा - बाप रे बाप ! इतनी उमस !

क्रिस - तो डरने की क्या बात है ? वहां भी तो लोग रहते हैं न ।

लिंडा - सो तो ठीक है ।

क्रिस - बस एक बात ध्यान रखना । धूप से ज़रा बच के रहना ।

लिंडा - अच्छी बात ! . . . अच्छा, तो अब चलती हूं । फ़िर मिलेंगे । नमस्कार ।

क्रिस - नमस्कार ।

Build-up Drills

1. मुझे जाना है
   मुझे अगले महीने जाना है
   बस मुझे अगले महीने जाना है
   बस अगले महीने जाना है

2. धक् धक् कर रहा है
   जी धक् धक् कर रहा है
   मेरा जी धक् धक् कर रहा है
   अगर सच पूछो
   अगर सच पूछो तो
   अगर सच पूछो तो मेरा जी धक् धक् कर रहा है
   सच पूछो तो मेरा जी धक् धक् कर रहा है
   लेकिन सच पूछो तो मेरा जी धक् धक् कर रहा है

3. बात है
   क्या बात है
   घबराने की क्या बात है ?
   लेकिन घबराने की क्या बात है ?

4. हो गई
   बीमार हो गई
   मैं बीमार हो गई
   अगर मैं बीमार हो गई
   अगर मैं बीमार हो गई तो
   अगर मैं बीमार हो गई तो क्या होगा ?

5. तुम हो गई

तुम हो भी गई

अगर तुम हो भी गई

अगर तुम बीमार हो भी गई

अगर तुम बीमार हो भी गई तो

अगर तुम बीमार हो भी गई तो चली जाना

अगर तुम बीमार हो भी गई तो डाक्टर के पास चली जाना

6. डाक्टर हैं

बढ़िया डाक्टर हैं

एक से एक बढ़िया डाक्टर हैं

7. गर्मी पड़ती है

गर्मी कैसी पड़ती है

दिल्ली में गर्मी कैसी पड़ती है

Glossary

Nouns

रहन-सहन	m	way of life, standard of living
विद्यार्थी	m,f	student
बदमाश	m,f	rogue, rascal
चोर	m,f	thief
जी	m	feeling, mind
उमस	f	humidity
मुश्किल	f	difficulty
दवा	f	medicine

Adjectives

बीमार	sick
काफ़ी	enough
लगभग	about, approximately
ग़लत	wrong
मुश्किल	difficult
प्रतिशत	per-cent

Verbs

धक् धक् करना	to pound (intr.)
सोचना	to think
डरना	to fear
अच्छा लगना	to feel good
घूमना	to wander, to turn

Idiom

बाप रे बाप !	Gosh!

Intonation Practice

1. सच पूछो तो मेरा जी धक् धक् कर रहा है
   मेरी बात मानो तो अभी चले आओ
   अच्छा लगे तो मेरे यहां चले आना
   ध्यान से सोचो तो यह सब ग़लत है
   हमारी मानो तो वहां मत जाओ

2. लेकिन घबराने की क्या बात है
   लेकिन ऐसा करने में क्या मज़ा है
   लेकिन उसे बुलाने में क्या मुश्किल है
   लेकिन यूंही घूमने में क्या फ़ायदा है

3. एक से एक बढ़िया डाक्टर हैं
   एक से एक अच्छी दवा है
   एक से एक बड़ा बदमाश है
   एक से एक बड़ा चोर है
   एक से एक बड़ा विज्ञान है

4. फिर इतने महंगे भी नहीं जितने अमरीका में
   फिर इतनी अच्छी भी नहीं जितनी तुम्हारे पास है
   फिर इतना सस्ता भी नहीं जितना यहां है
   फिर इतनी सुन्दर भी नहीं जितनी तुम्हारी साड़ी है

Grammatical Notes

1. एक से एक बढ़िया (डाक्टर) - Here the first एक means one, and the other एक means other. Hence the meaning is each one is better than the other; so the meaning in the present context is therefore that there are the best of doctors.

2. इतने महंगे भी नहीं जितने अमरीका में - This is a relative construction with the main clause preceding the relative clause. The first clause receives the focus under flat intonation; cf. 3.3.

3. शायद टेम्परेचर ११०, ११५ तक जाए - This is a subjunctive construction. A subjunctive construction without शायद or its synonym denotes a possibility or permission depending upon the context. But with the word शायद or one of its synonyms, the construction denotes probability.

4. ज़रा - This word is not very powerful semantically and sneaks in here and there. Such words do contribute to the meaning but in subtle ways not easy to put into words. The literal meaning of the word is 'a while,' 'a little,' which is occasionally retained. It's often used when asking someone for a small favor or issuing some instruction for something small. It mellows the imperative sense and hence is usually translatable as 'please.'

5. (अगर) वहां बीमार हो गई तो क्या होगा - 'If I get sick there then what will happen?' Why is the if-clause in Hindi in the past tense? This does not refer to an action which is past when the sentence is uttered, but it is past in relation to the following event in the then-clause.

12. दो मित्र - माइकल और नीनी Style- Informal

स्थान - बस का अड्डा

माइकल - नीना, आज सवेरे सवेरे किधर ?

नीना - आज कालेज ज़रा जल्दी पहुँचना है । इसलिए ज़रा जल्दी निकल पड़ी ।

माइकल - क्यों ? कोइ विशेष बात है कालेज में आज ?

नीना - हां, विशेष बात ही है । हमारे कालेज का आज फाउंडर्ज डे है ।

माइकल - फाउंडर्ज डे - क्या मतलब ?

नीना - अंग्रेजी नहीं समझते - फाउंडर्ज डे ।

माइकल - ओ , मैं इसे कोई हिन्दी का शब्द समझ रहा था । इसलिए पहलेपहल समझ में नहीं आया । हिन्दी में क्या कहेंगे इसे ?

नीना - संस्थायक-दिवस । तुम तो खूब जानते हो कि हम अपनी हिन्दी में अंग्रेजी खूब मिस करते हैं ।

माइकल - हां, खूब जानता हूं । खैर . . . तो क्या होगा आज कालेज में ?

नीना - हम लोग हिन्दी का एक प्ले पेश कर रहे हैं । वाद्य-वृन्द होगा । शायद दो गीत हैं ।

माइकल - बस ?

नीना - हां, बस फिर 'जन गण मन' के साथ प्रोग्राम ख़त्म हो जाएगा ।

माइकल - तुम प्ले में हो ?

नीना - हां, प्ले में हूं और एक गीत गाना है मुझे ।

माइकल - तो यह सारी सजधज आज इसी लिए है । खूब ! . . . अच्छा सुनो, मैं आ सकता हूं वहां ?

नीना - देखलो, बिन बुलाए मेहमान हो ।

माइकल - सो तो हूं । लेकिन जी कर रहा है तुम्हें स्टेज पर देखने को ।

नीना - तुम बडे नटखट हो . . . यह लो एक पास । ठीक समय पर पहुच जाना ।

Glossary

Nouns

अड्डा	m	stop, stand
बाद्य-वृन्द	m	orchestra
गीत	m	song
समय	m	time
सज धज	f	dressing up, decoration
धूम धाम	f	pomp and show
चमक-दमक	f	glitter, pomp and show
पास	f	pass

Adjectives

विशेष	special
नटखट	naughty

Verbs

निकलना	to come out
पेश करना	to present
ख़त्म होना, ख़त्म हो जाना	to be finished
गाना	to sing

Adverb

पहले पहल	at first, first of all

Build-up Drills

1. पहुंचना है

   मुझे पहुंचना है

   मुझे जल्दी पहुंचना है

   मुझे ज़रा जल्दी पहुंचना है

   मुझे कालेज ज़रा जल्दी पहुंचना है

   मुझे आज कालेज ज़रा जल्दी पहुंचना है

   आज कालेज ज़रा जल्दी पहुंचना है

2. बात है

   विशेष बात है

   विशेष बात ही है

   हां विशेष बात ही है

3. मैं समझ रहा था

   मैं शब्द समझ रहा था

   मैं हिन्दी का शब्द समझ रहा था

   मैं कोई हिन्दी का शब्द समझ रहा था

   मैं इसे कोई हिन्दी का शब्द समझ रहा था

4. लोग कहेंगे

   लोग हिन्दी में कहेंगे

   लोग हिन्दी में संस्थापक दिवस कहेंगे

   हिन्दी में संस्थापक दिवस कहेंगे

5. कर रहे हैं

   पेश कर रहे हैं

   एक प्ले पेश कर रहे हैं

   एक प्ले पेश कर रहे हैं

   हिन्दी का एक प्ले पेश कर रहे हैं

   हम लोग हिन्दी का एक प्ले पेश कर रहे हैं

6. ख़त्म हो जाएगा

प्रोग्राम ख़त्म हो जाएगा

बस फिर प्रोग्राम ख़त्म हो जाएगा

बस फिर जन गण मन के साथ प्रोग्राम ख़त्म हो जाएगा

7. सजधज है

सजधज इसीलिए है

सजधज आज इसी लिए है

सारी सजधज आज इसी लिए है

यह सारी सजधज आज इसी लिए है

तो यह सारी सजधज आज इसी लिए है

8. जी कर रहा है

तुम्हें देखने को जी कर रहा है

तुम्हें स्टेज पर देखने को जी कर रहा है

लेकिन तुम्हें स्टेज पर देखने को जी कर रहा है

लेकिन जी कर रहा है तुम्हें स्टेज पर देखने को

Intonation Practice

1. इस लिए ज़रा जल्दी निकल पड़ी
   इस लिए ज़रा जल्दी आ गया
   इस लिए थोड़ी देर से पहुंचा
   इस लिए ठीक समय पर नहीं जा सका
   इस लिए ज़रा जल्दी निकल पड़े

2. कोई विशेष बात है कालेज में आज ?
   कोई ख़ास बात थी घर में कल ?
   कुछ ख़ास लोग होंगे पार्टी में कल ?
   कोई विशेष चीज़ है खाने में आज ?
   कुछ ख़ास किताबें हैं मेरे लिए आज ?

3. तो यह सारी सजधज आज इसी लिए है ।
   तो यह सारी धूमधाम आज इसी लिए थी ।
   तो ये सारी तैयारियां कल इसी लिए थीं ।
   तो ये सारी चमक-दमक आज इसी लिए है ।

4. देख लो, बिन बुलाए मेहमान हो ।
   देख लो, क्या किया है तुम ने ।
   देख लो, क्या कह रहे हो तुम ।
   देख लो, जो दे रहे हो तुम ।

Grammatical Notes

1. ही - This is an emphatic particle. It emphasizes the word it comes after. This is a particle of exclusion ('only') as against भी ('also,' 'even') which is a particle of inclusion. See the example in the twelfth lesson: विशेष बात ही है meaning that 'there is a special thing, and nothing else.' Some pronouns and adverbs undergo a slight change when occuring before ही , for example यह + ही = यही, यहां + ही = यहीं, इस + ही = इसी etc. See the example in this lesson:

यह सारी सजधज आज इसी लिए है

2. Hingli - This word stands for English and Hindi mixed. This word was coined by my students in the First Year Hindi Course at the University of Wisconsin during the summer of 1977. The speakers of Hindi-Urdu, especially the educated, are quite fond of mixing English nouns, adjectives and some adverbs in their spoken Hindi-Urdu. Look at the following examples in the present lesson:

(i) हमारे कॉलेज का आज फ़ाउंडर्ज़ डे है ।

(ii) हम अपनी हिन्दी में अंग्रेजी खूब मिस करते हैं ।

(iii) हम लोग हिन्दी का एक प्ले पेश कर रहे हैं ।

(iv) प्रोग्राम ख़त्म हो जाएगा ।

(v) जी कर रहा है तुम्हें स्टेज पर देखने को

(vi) यह लो एक पास ।

Mark that Veena is an Indian name and in this conversation, she is depicted on a native speaker of Hindi.

3. बिन बुलाया - This is बिना + बुलाया हुआ with हुआ dropped. बुलाया हुआ is a past participial form. In this adjectival usage, बिना is usually reduced to बिन in the sense of 'without, un-, not.' So here it means 'uninvited.'

Adverbial forms are also possible from these constructions, e.g. बिन बुलाए (uninvitedly), बिन गए (without having gone), बिन खाए (without having eaten) etc.

4. जन गण मन ..... - These are the initial words of the national anthem of India.

5. जी कर रहा है - The word जी has no neat correspondence in English. The closest translation is 'feeling' as this sentence means 'I feel like ....'

6. देखने को - को is also widely used in the sense of के लिए 'for' when occurring after an oblique infinitive form of the verb. को in this sense is more likely to occur in less formal speech.

7. सवेरे सवेरे - सवेरे is the locative form meaning 'in the morning.' The reduplication is for emphasis.

13. एक विदेशी टूरिस्ट - एक हिन्दुस्तानी पथिक Style- Formal

स्थान - कहीं रास्ते पर

विदेशी - भाई साहब, ज़रा सुनिये, क्या आप मुझे लाल किले का रास्ता बता सकते हैं ?

पथिक - जी, लाल किला तो यहां से बहुत दूर है । आप पैदल नहीं जा सकते ।

विदेशी - क्या कोई बस जाती है वहां तक ?

पथिक - जी, बहुत सी बसें जाती हैं ।

विदेशी - बस कहां से मिलेगी ? क्या कोई खास नम्बर है बस का ?

पथिक - यहां से सीधे कुछ दूर चलने के बाद दाहिने घूम जाइए । बस वहीं कोने पर रुकती है । बस का नम्बर आठ है ।

विदेशी - क्या आपको मालूम है कि टिकट के कितने पैसे लगते हैं ?

पथिक - ज़्यादा से ज़्यादा पैंतीस पैसे लगेंगे ।

विदेशी - आप को बहुत धन्यवाद । बहुत समय ले लिया आपका ।

पथिक - ऐसी कोई बात नहीं । आप लाल किला ज़रूर देखिए, आपको बहुत पसन्द आएगा ।

Glossary

Nouns

रस्ता	m	way, path
हाथ	m	hand
कोना	m	corner
धन्यवाद	m	thanks
पथिक	m,f	passer-by
मेहरबानी	f	thanks, kindness

Adjectives

दूर	distant, far
दाहिना	right (direction)

Adverb

पैदल	on foot

Build-up Drills

1. बता सकते हैं

   आप बता सकते हैं

   आप मुझे बता सकते हैं

   आप मुझे रस्ता बता सकते हैं

   आप मुझे लाल किले का रास्ता बता सकते हैं

   क्या आप मुझे लाल किले का रास्ता बता सकते हैं ?

2. बहुत दूर है

   लाल किला बहुत दूर है

   लाल किला तो बहुत दूर है

   लाल किला तो यहां से बहुत दूर है

3. आप जा सकते हैं

   आप नहीं जा सकते

   आप पैदल नहीं जा सकते

4. बस जाती है

   कोई बस जाती है

   वहां तक कोई बस जाती है

   क्या वहां तक कोई बस जाती है ?

   क्या कोई बस जाती है वहां तक ?

5. घूम जाइए

   दाहिने घूम जाइए

   चलने के बाद

   कुछ दूर चलने के बाद

   सीधे कुछ देर चलने के बाद

   सीधे कुछ देर चलने के बाद दाहिने घूम जाइए

6. लगेंगे

पैंतीस पैसे लगेंगे

ज़्यादा से ज़्यादा

ज़्यादा से ज़्यादा पैंतीस पैसे लगेंगे

7. ले लिया

समय ले लिया

मैं ने समय ले लिया

मैंने बहुत समय ले लिया

मैंने आपका बहुत समय ले लिया

मैंने बहुत समय ले लिया आपका

बहुत समय ले लिया आपका

8. पसन्द आयेगा

आपको पसन्द आएगा

आपको बहुत पसन्द आएगा

Intonation Practice

1. क्या आप मुझे लाल किले का रास्ता बता सकते हैं ?
   क्या आप मुझे एक बात बता सकते हैं ?
   क्या मैं कोई सेवा कर सकता हूँ ?
   क्या वे आज रात को आपके यहां रुक सकते हैं ?

2. क्या कोई ख़ास नम्बर है बस का ?
   क्या कोई ख़ास बात है बताने वाली ?
   क्या कोई ख़ास चीज़ है मेरे लिए ?
   क्या कोई ख़ास लोग हैं आज की पार्टी में ?

3. आपको बहुत धन्यवाद ।
   आपको बहुत शुक्रिया ।
   आपकी बहुत मेहरबानी ।
   आपकी बहुत बहुत मेहरबानी ।
   आपका बहुत बहुत धन्यवाद ।
   आपका बहुत बहुत शुक्रिया ।

4. आपको बहुत पसन्द आएगा
   आपको बहुत अच्छा लगेगा
   उनको खूब पसन्द आएगा
   उनको खूब अच्छा लगेगा

Grammatical Notes

1. बहुत-सी - -सा has three different meanings:

(a) sort of, -ish - In this sense it is used after modifiers, e.g. काला-सा, छोटा-सा .

(b) (as an intensifier) - Used after बहुत and थोड़ा and their synonyms, e.g. बहुत से लोग, थोड़ा सा काम, जरा सी बात

(c) (as a reduced form of जैसा) - Used in the sense of -like, e.g. शेर-जैसा 'lion-like, like a lion,' बन्दर-सा 'like a monkey,' बुद्धू-सा 'like a fool,' निकम्मा-सा 'like a worthless fellow.'

2. दाहिने - The full phrase would be दाहिने हाथ पर . The part हाथ पर has been dropped and left understood, and this explains the oblique form in दाहिने ,

3. ज़्यादा से ज़्यादा - 'at the most,' 'maximum.' There are two ways of making superlative forms, as for example कम से कम, घटिया से घटिया, बढ़िया से बढ़िया, अच्छे से अच्छा etc., literally meaning lesser than less i.e. least or minimum, inferior than inferior i.e. inferior-most, better than good i.e. best. The other way of making superlative form is सबसे ज़्यादा, सबसे कम, सबसे घटिया, सबसे बढ़िया, सबसे अच्छा etc. The first type conveys a more accentuated meaning, as in English, better than the best, very minimum, very maximum etc.

Also mark that the words ज़्यादा, घटिया, बढ़िया though आ -ending adjectives do not change for their oblique form. They are exceptions.

14. मां - बेटा अजय - विदेशी जिम Style- Formal

स्थान - घर, हिन्दुस्तान में

मां - अजय, इधर आओ, देखो कौन आये हैं हम लोगों से मिलने ?

अजय - अभी आता हूं, हां कौन है मां ?

मां - इनका नाम जिम है । यह तुम्हारे पिता जी के दोस्त हैं, यह अमरीका से आये हैं । इन्हें नमस्ते करो ।

अजय - नमस्ते ।

जिम - नमस्ते । सुना है तुम अमरीका जाने को बहुत उत्सुक हो ।

अजय - हूं । . . . बड़ा होने पर मैं भी पिता जी की तरह अमरीका जाऊंगा ।

जिम - हां हां, क्यों नहीं ? क्या पढ़ोगे तुम वहां ?

अजय - मैं हवाई-जहाज़ बनाना सीखूंगा ।

मां - हां हां, पहले स्कूल और कॉलेज में पढ़ना पूरा कर लो, फिर अमरीका जाने की सोचना ।

जिम - अरे अजय तो सुना है कि पढ़ाई में बहुत अच्छा है । उसे स्कूल कालेज पास करने में मुश्किल क्या होगी ?

मां - हां . . . अभी बहुत समय पड़ा है अमरीका जाने में ।

जिम - हां . . . अभी तो केवल दस साल का है अजय ।

Glossary

Nouns

हवाई-जहाज़	m	airplane
पढ़ाई	f	study
सब्ज़ी	f	vegetable

Adjectives

उत्सुक	eager, anxious
बड़ा	big, older
केवल	only

Verbs

मिलना	to meet, to be available
पूरा करना	to finish, to complete
ढूंढना	to search
बदलना	to change
पहुंचना	to arrive

Adverb

पहले	first

Build-up Drills

1. आये हैं
   मिलने के लिए आये हैं
   मिलने आ ये हैं
   हम लोगों से मिलने आए है
   कौन हम लोगों से मिलने आए हैं
   कौन आए हैं हम लोगों से मिलने

2. उत्सुक हो
   तुम उत्सुक हो
   तुम बहुत उत्सुक हो
   तुम जाने को बहुत उत्सुक हो
